Regarding Governments to ensure internal security

श्री संतोष पांडेय (राजनंदगाँव) **:** महोदय, आपने मुझे एक अति लोक महत्व के मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ ।

महोदय, आदि शंकराचार्य जी से उनके शिष्यों ने पूछा था कि वास्तव में असली बहरा और असली गूँगा कौन होता है, तो उन्होंने संस्कृत में एक शब्द में उसका उत्तर दिया कि मूकोष्टिकोवा बधिरश्चकोवा । उत्तर है: वक्रतुण्ड युक्तम् समये समर्था:, जो समय पर न सुने और समय पर सही बातों को न बोले, वही असली गूँगा और बहरा है ।

महोदय, मैं छत्तीसगढ़ की ओर से सरगुजा से लेकर पूरे बस्तर, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की ओर से मैं माननीय देश के प्रधानमंत्री जी नरेन्द्र मोदी जी, देश के गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए खड़ा हुआ हूँ कि भारत के इतिहास में आन्तरिक सुरक्षा, इंटरनल सिक्योरिटी के ऊपर जब लिखा जायेगा, जब उसे ऊपर शोध किया जायेगा तो देश के वर्तमान प्रधानमंत्री, गृह मंत्री का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा । उन्होंने टाइमलाइन, समयबद्ध मोटिव के तहत लक्ष्य निर्धारित करके माओवाद, लाल आतंक के समापन की उन्होंने शुरूआत की है ।

महोदय, वे पंक्तियां याद आती हैं कि निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह यह वही दण्ड का रण है, जिसमें फिर से माननीय अमित शाह जी ने और वह समापन की ओर है । नक्सलवाद, अर्बन नक्सवाद, पत्थरबाज, आतंकवाद आदि दृढ़ संकल्प से समाप्त होता है । जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, सबकी नजर जब बॉर्डर पर थी, तब पूरी तन्मयता के साथ हमारी फोर्सेज, माननीय अमित जी छत्तीसगढ़ के जंगल में एक पहाड़ी को तीन दिन से घेरकर आपरेशन को अंजाम दे रहे थे । (व्यवधान)